बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-787**
10/11/2026

वाटर मेट्रो के शुभारंभ से गंगा नदी में पर्यावरण अनुकूल पर्यटन तथा जल परिवहन को मिलेगी नई पहचान :– सम्राट

मुख्य बिंदु :–

- पर्यटन विभाग की यह पहल गंगा नदी में पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने तथा पर्यटकों को आधुनिक एवं सुविधाजनक जल परिवहन सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पटना, 10 नवम्बर 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज पटना के दीघा घाट से कंगन घाट तक कैटामरान वेसल (वाटर मेट्रो) का शुभारंभ किया और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस नई सुविधा से पटना आनेवाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को गंगा नदी में जलयात्रा का नया अनुभव मिलेगा। साथ ही, राजधानी में पर्यटन की संभावनाओं को और मजबूती मिलेगी। पर्यटन विभाग की यह पहल गंगा नदी में पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने तथा पर्यटकों को आधुनिक एवं सुविधाजनक जल परिवहन सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वाटर मेट्रो के शुभारंभ होने से पटनावासियों को अशोक राजपथ के ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी और गंगा के रास्ते सुगम और सुविधाजनक सफर का विकल्प मिलेगा।

ज्ञातव्य है कि कैटामरान वेसल 50 यात्रियों की क्षमता वाला आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित जलयान है। यह मुख्यतः विद्युत ऊर्जा से संचालित होता है। इसके संचालन से जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण एवं वायु प्रदूषण नहीं होगा। यह गंगा नदी में पर्यटकों को एक रोमांचक एवं सुखद यात्रा का अनुभव प्रदान करेगा। इस कैटामरान वेसल में उद्घोषणा प्रणाली, वातानुकूलन सुविधा, शौचालय, व्हील चेयर एवं अन्य आवश्यक आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। कैटामरान वेसल(वाटर मेट्रो) का परिचालन पटना के दीघा (मीनार घाट) से प्रारंभ होगा तथा यह गांधी घाट पहुँचेगा। इसके पश्चात् गांधी घाट से पुनः दीघा के लिए प्रस्थान करेगा तथा शाम को दीघा (मीनार घाट) पहुँचेगा। इस आधुनिक कैटामरान वेसल में यात्रा का किराया प्रति वयस्क 50 रूपये निर्धारित किया गया है। पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए यात्रा निःशुल्क होगी, जबकि पाँच से बारह वर्ष तक के बच्चों के लिए टिकट का दर निर्धारित किराये का आधा होगा। सभी पर्यटक अभी दीघा घाट पर काउंटर से टिकट प्राप्त कर सकते हैं, शीघ्र ही ऑनलाइन टिकट की भी सुविधा प्रदान की जाएगी। यह कैटामरान वेसल हाइब्रिड इंजन से लैस है। इसमें उपलब्ध बैटरी को चार्ज करने के लिए पटना के दीघा (मीनार घाट) एवं गांधी घाट पर फास्ट चार्जर एवं शोर चार्जर (Shore Charger) की व्यवस्था की गई है। भविष्य में इसका संचालन कंगन घाट तक विस्तारित किया जायेगा।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत, सहकारिता मंत्री श्री रामकृपाल यादव, नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री नीतीश मिश्रा, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधायक श्री रत्नेश कुमार, विधायक श्री संजय कुमार, पटना की महापौर

श्रीमती सीता साहू, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, गृह विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव बी० कार्तिकेय धनजी, पटना नगर निगम के आयुक्त श्री यशपाल मीणा, जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के० शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******